पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की समीक्षा की

लखनऊ : 23 जून, 2023

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल आज आजमगढ़ के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रमों में आजमगढ़ में नवस्थापित महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की समीक्षा की। राज्यपाल जी ने कुलपति प्रो0 पी0के0 शर्मा को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय में सृजित किये गये 11 संकायों के 30 शैक्षणिक संस्थानों में 210 पदों को भरने के लिए तत्काल नोटिफिकेशन जारी किया जाय। उन्होने कहा कि 15–20 दिन के अन्दर नोटिफिकेशन जारी कर नियुक्ति की प्रक्रिया चालू कर दी जाय और विश्वविद्यालय सत्र 2023–24 चालू करने से पहले अध्यापकों की नियुक्ति हो जानी चाहिए। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने को कहा। इसी के साथ ही उन्होने कहा कि प्रतिनियुक्ति पर आने वाले इच्छुक आवेदकों के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कराया जाय। उन्होंने शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के लिए विशेषज्ञ अध्यापको के नये पद सृजित कराने और वर्तमान में अप्रसांगिक हो चुके पदों को रद्द करने को कहा।

राज्यपाल जी ने प्राइवेट महाविद्यालयों में अध्यापकों की भर्ती के लिए समिति का गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के उपयोग हेतु फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिए जेम पोर्टल पर पंजीकृत विशिष्ट कम्पनियों से उत्पादों को खरीदना सुनिश्चित किया

जाय। नये शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पहले छात्रों के बैठने के लिए तैयारी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि जिन फैकल्टियों के शैक्षणिक सत्र को आरम्भ किया जाना है, उनके भवनों के निर्माण को तेजी से पूर्ण कराया जाय। विश्वविद्यालय कैम्पस के अन्दर सम्पर्क मार्ग, शौचालय, पीने का पानी, पाइपलाइन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सत्र आरम्भ होने से पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 15 जुलाई तक स्नात्कोत्तर (पीजी) भवनों का निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कैम्पस के अन्दर इण्टरनेट, पुस्तकालय, फर्नीचर एवं पुस्तकों की टेण्डर प्रक्रिया 25 जुलाई तक पूर्ण कराने, विश्वविद्यालय परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए 11 केवीए का संयोजन व्यवस्था को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

परीक्षा कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि परीक्षा में सुधार कार्य प्रारम्भ कर दिया जाय और 20 से 25 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जाय। परीक्षा को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पूर्ण कराया जाय। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित छात्रों की उत्तर पुस्तिका एवं सप्लिमेंट्री कॉपी को तत्काल विश्वविद्यालय में भेजा जाना सुनिश्चित करें। परीक्षा नियंत्रक निरन्तर मॉनिटरिंग करें और सामूहिक नकल कराने वाले आरोपी परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों पर तथा नकल करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। शिक्षकों/परीक्षकों का मानदेय आरटीजीएस के माध्यम से तत्काल प्रेषित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रीष्मावकाश में विश्वविद्यालय का संचालन होता रहे तथा अध्यापकों को अवकाश की भी समस्या न हो, इसकी विशेष कार्ययोजना बनायें।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उन्होने इसके निर्माण कार्यों की जांच करने के लिए बीएचयू

आईआईटी की कमेटी गठित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल जी ने कहा कि शैक्षणिक भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और सुदृढ़ हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर रहने वाले कर्मचारियों के आवास का निर्माण भी गुणत्तापूर्ण होना चाहिए। छोटे भवन में भी सुविधाएं अच्छी होनी चाहिए। बैठक से पूर्व राज्यपाल जी द्वारा ब्लैक पॉटरी व कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा द्वारा लगाई गई फलों व सब्जी के स्टॉल तथा आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, कुलपति प्रो0 पी0के0 शर्मा, मण्डलायुक्त श्री मनीष चौहान, आईजी श्री अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/चन्द्र विजय वर्मा
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361